**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. *53**
**उत्तर देने की तारीख 05 फरवरी, 2020**

**भारत नेट परियोजना**

***53. श्री उत्तम कुमार रेड्डीः**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत नेट परियोजना के आरंभ से इसके अंतर्गत राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार आवंटित निधि कितनी है;

(ख) उक्त परियोजना के अंतर्गत बिछाई गई आप्टिकल फाइबर केबल की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार लंबाई कितनी है;

(ग) उन ग्राम पंचायतों की संख्या कितनी है जिन्हें इस योजना के अंतर्गत आज की तिथि तक राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्रॉडबैण्ड कनेक्टिविटी प्रदान की गई है;

(घ) देश में क्रियाशील वाई-फाई हॉटस्पॉटों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ङ) इस योजना के अंतर्गत लक्ष्यों को प्राप्त करने में विलंब के क्या कारण हैं; और

(च) सरकार का सभी 2.5 लाख ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैण्ड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लक्ष्य को कब तक प्राप्त करने का विचार है?

**उत्तर**

**संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री रविशंकर प्रसाद)**

(क) से (च) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**‘भारतनेट परियोजना’ के संबंध में लोकसभा में दिनांक 05 फरवरी, 2020 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं. *53 के भाग (क) से (च) के उत्तर में लोकसभा के पटल पर रखा जाने वाला विवरण**

(क) भारतनेट परियोजना देश में लगभग सभी 2,50,000 ग्राम पंचायतों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए चरणबद्ध आधार पर कार्यान्वित की जा रही है। भारतनेट परियोजना के लिए निधियां समग्र रूप से आवंटित की जाती है न कि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार। भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड को भारतनेट परियोजना के कार्य निष्पादन हेतु एकमुश्त राशि सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि से आवंटित एवं संवितरित की जाती है। भारतनेट परियोजना के अंतर्गत भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड द्वारा संवितरित/आवंटित की गई निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) से (घ) इस स्कीम के अंतर्गत बिछाई गई ऑप्टीकल फाइबर केबल की लम्बाई, जिन ग्राम पंचायतों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई गई है, उनकी संख्या और देश में कार्यरत वाई-फाई हॉट-स्पॉटों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ङ) भारतनेट एक विशाल स्वरूप की परियोजना है और ग्राम पंचायतें देश के ग्रामीण एवं दूर-दराज के क्षेत्रों में फैली हुई हैं। परियोजना का तेजी से कार्यान्वयन करने के लिए सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं। परियोजना के कार्यान्वयन में हुए विलंब के प्रमुख कारण इस प्रकार हैं:

(i) परियोजना शुरू होने में विलंब हुआ क्योंकि ग्राम पंचायतों का फील्ड सर्वे और प्रौद्योगिकी मॉडल की प्रायोगिक जांच के कारण परियोजना का कार्य वर्ष 2014 की दूसरी छमाही में ही शुरू हुआ।

(ii) चरण-I में ग्राम पंचायतों को कवर करने के लिए केवल एक मीडिया अर्थात भूमिगत ओएफसी का होना और मार्गाधिकार संबंधी मामलों का होना।

(iii) चरण-II के अंतर्गत, 8 राज्यों का लगभग 65,000 ग्राम पंचायतों में कार्यान्वयन राज्य-आधारित मॉडल के अधीन किया जा रहा है और उनके कार्यान्वयन में हुए विलम्ब से भी परियोजना का समापन प्रभावित हो रहा है।

(च) अगस्त 2021 तक सभी 2.5 लाख ग्राम पंचायतों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

**अनुबंध- I**

**लोकसभा में दिनांक 05.02.2020 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न सं. *53 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**भारतनेट प्रोजेक्ट (बीबीएनएल) के अंतर्गत संवितरित की गई निधियों का ब्यौरा**

| **क्र.सं.** | **राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र** | **संवितरित निधियां (रु. करोड़ में)** |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 15.22 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 345.01 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 45.58 |
| 4 | असम | 185.82 |
| 5 | बिहार | 715.71 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0.01 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 941.36 |
| 8 | गुजरात, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 1607.20 |
| 9 | हरियाणा | 414.27 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 110.58 |
| 1 1 | जम्मू और कश्मीर | 79.53 |
| 12 | झारखंड | 352.28 |
| 13 | कर्नाटक | 782.65 |
| 14 | केरल | 103.39 |
| 15 | लक्षद्वीप | 0.10 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 1471.93 |
| 17 | महाराष्ट्र | 1932.85 |
| 18 | मणिपुर | 50.55 |
| 19 | मेघालय | 66.97 |
| 20 | मिजोरम | 34.25 |
| 21 | नगालैंड | 60.07 |
| 22 | ओडिशा | 546.79 |
| 23 | पुडुचेरी | 5.70 |
| 24 | पंजाब | 625.41 |
| 25 | राजस्थान | 889.76 |
| 26 | सिक्किम | 76.33 |
| 27 | तमिलनाडु | 121.46 |

| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | संवितरित निधियां (रु. करोड़ में) |
|---|---|---|
| 28 | तेलंगाना | 336.10 |
| 29 | त्रिपुरा | 75.70 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | 1624.03 |
| 31 | उत्तराखंड | 266.30 |
| 32 | पश्चिम बंगाल | 430.24 |
| **कुल** | | **14313.11** |
| **जीपीओएन और ओएफसी** | | 976.10 |
| **बीएसएनएल को किया गया तदर्थ भुगतान** | | 4209.98 |
| **टीसीआईएल** | | 13.43 |
| **बीएसएनएल-वीएसएटी** | | 42.38 |
| **बीएसएनएल सैटेलाइट बैंडविड्थ** | | 40.12 |
| **सकल योग** | | **19595.03** |

**<u>अनुबंध- I I</u>**

**लोकसभा में दिनांक 05.02.2020 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित प्रश्न सं. *53 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**<u>भारतनेट कनेक्टिविटी की स्थिति</u>**

| क्र.सं.। | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | बिछाई गई केबल (किमी) | ग्राम पंचायतें जहां केबल बिछाई गई | बीएचक्यू सहित सेवा हेतु तैयार ग्राम पंचायतें | उन ग्राम पंचायतों की संख्या जहां वाई-फाई हॉटस्पॉट संस्थापित हैं | उन ग्राम पंचायतों की संख्या जहां वाई-फाई हॉटस्पॉट कार्यरत हैं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 18,771 | 4364 | 1628 | 0 | 0 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1519 | 579 | 244 | 160 | 155 |
| 3 | अंडमान और निकोबार | 34 | 26 | 8 | 0 | 0 |
| 4 | असम | 4799 | 1,622 | 1,622 | 4 | 4 |
| 5 | बिहार | 26,232 | 8366 | 8067 | 292 | 219 |
| 6 | चंडीगढ़ | 19 | 13 | 13 | 12 | 12 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 15,524 | 4727 | 4712 | 517 | 435 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 68 | 21 | 21 | 0 | 0 |
| 9 | दमन और दीव | 26 | 18 | 18 | 0 | 0 |
| 10 | गुजरात | 36,936 | 10,887 | 10,545 | 86 | 65 |
| 1 1 | हरियाणा | 11930 | 6188 | 6188 | 1063 | 712 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 766 | 250 | 281 | 200 | 157 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर और लद्दाख | 766 | 374 | 1011 | 740 | 661 |
| 14 | झारखंड | 8405 | 2750 | 2478 | 312 | 254 |
| 15 | कर्नाटक | 14178 | 6244 | 6244 | 2569 | 1869 |
| 16 | केरल | 830 | 1129 | 1129 | 731 | 728 |
| 17 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 48365 | 13666 | 12922 | 1350 | 826 |
| 19 | महाराष्ट्र | 54153 | 18,838 | 15534 | 776 | 437 |
| 20 | मणिपुर | 634 | 376 | 427 | 204 | 44 |
| 21 | मिजोरम | 689 | 130 | 66 | 60 | 20 |
| 22 | मेघालय | 1069 | 356 | 194 | 70 | 70 |
| 23 | नगालैंड | 2000 | 656 | 129 | 0 | 0 |
| 24 | ओडिशा | 17472 | 4395 | 3892 | 113 | 107 |

| क्र.सं.। | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | बिछाई गई केबल (किमी) | ग्राम पंचायतें जहां केबल बिछाई गई | बीएचक्यू सहित सेवा हेतु तैयार ग्राम पंचायतें | उन ग्राम पंचायतों की संख्या जहां वाई-फाई हॉटस्पॉट संस्थापित हैं | उन ग्राम पंचायतों की संख्या जहां वाई-फाई हॉटस्पॉट कार्यरत हैं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | पुडुचेरी | 92 | 101 | 101 | 81 | 81 |
| 26 | पंजाब | 24003 | 12,536 | 12529 | 0 | 0 |
| 27 | राजस्थान | 29,208 | 8766 | 8724 | 8813 | 3964 |
| 28 | सिक्किम | 855 | 41 | 18 | 0 | 0 |
| 29 | तमिलनाडु | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 30 | तेलंगाना | 4772 | 2047 | 2047 | 0 | 0 |
| 31 | त्रिपुरा | 1687 | 817 | 647 | 157 | 77 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 70,950 | 32,411 | 28,998 | 27095 | 6827 |
| 33 | उत्तराखंड | 3583 | 1529 | 1526 | 353 | 315 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 8591 | 2494 | 2285 | 1 1 | 2 |
| **कुल** | | **408,926** | **146,717** | **134,248** | **45,769** | **18041** |

******